A.P.S.M. College Barauni (Begusarai) (1)

Deptt → Political Science

Dr. ARCHANA KUMARI
19/04/2021

Class → B.A-I (H)
Paper - I

Q. Nature, scope and significance of Political theory →

Meaning →

Ans: → राजनीति सिद्धांत का अंग्रेजी रूपान्तरण Political Theory होता है जिसमे Theory शब्द की उत्पत्ति ग्रीक भाषा Theorie से हुई है जिसका अर्थ होता है- एक ऐसी मानसिक दृष्टि जो वस्तु के अस्तित्व और उसके कारणों को प्रकट करती है।

कार्ल के अनुसार सिद्धांत

एक प्रकार का जाल है। जिसमे संसार के अस्तित्व और उसके कारणों को समझा जा सकता है यह एक ऐसी मानसिक स्थिति है जो एक वस्तु के अस्तित्व और उसके कारणों को सामने रखती है।

राजनीतिक सिद्धांत, राजनीतिक

दर्शन, राजनीतिक विश्लेषण, राजनीतिक विचारधारा और राजनीतिक विज्ञान मे समानताऐं है परन्तु कुछ मौलिक अन्तर भी है। जिसके कारण इन्हे एक दूसरे से अलग माना जाना चाहिए पर्यायवाची नही माना जा सकता है

परिभाषा -->

(1) डेविड हैल्ड → "राजनीतिक सिद्धांत राजनीतिक जीवन से संबंधित धारणाओं और सामान्य नियमों का वह समूह है जिसमें सरकार, राज्य और समाज की प्रकृति, उद्देश्य तथा प्रमुख विशेषताएँ एवं व्यक्ति की राजनीतिक क्षमताओं के बारे में विचार, परिकल्पनाएँ और वर्णन शामिल होते हैं

(2) ऐन्ड्र्यु कैटलीन → राजनीतिक सिद्धांत राजनीतिक सिद्धांत में तथ्य और मूल्यों दोनों समाहित हैं दोनों एक दूसरे के पूरक हैं।

(3) जार्ज कैटलीन → राजनीतिक सिद्धांत राजनीतिक विज्ञान और राजनीतिक दर्शन दोनों का मिश्रण है जहाँ विज्ञान संपूर्ण सामाजिक जीवन के नियंत्रण के विभिन्न स्वरूपों की प्रक्रिया की ओर ध्यान आकर्षित करता है।